प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने आठ आइपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को किया रद्द, डीजीपी से मांगा जवाब।
- तकनीकी खराबी के कारण रांची आ रहा एयर इंडिया का विमान दिल्ली लौटा, खराब मौसम के कारण भुवनेश्वर से आ रहे फ्लाइट को भी किया गया डायवर्ट।
- रांची में सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार, सीआईडी ने एक करोड़ तिरपन लाख ठगी करने वाले साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा।
- झारखंड में दिखने लगा मानसून का असर, आज रांची, लोहरदगा और सिंहभूम समेत कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, 18 और 19 जून को भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान।
- देहरादून में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के कराटेकारों ने जीते 10 पदक, भारत की अंडर 23 पुरुष फुटबॉल टीम में राज्य के दो खिलाड़ियों का चयन।

*********************

राज्य सरकार ने 10 जून को पुलिस मुख्यालय द्वारा आठ आईपीएस अधिकारियों को दिए गए अतिरिक्त प्रभार संबंधी आदेश को रद्द कर दिया है। गृह विभाग ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे निर्णय बिना उच्चस्तरीय मंजूरी के नहीं लिए जा सकते। गृह विभाग ने इस सिलसिले में डीजीपी से स्पष्टीकरण मांगा है और हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त प्रभार या तबादले का निर्णय लेने से पहले तय प्रक्रिया का पालन किया जाए।

*********************

दिल्ली से रांची आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई–9695 में तकनीकी खराबी के कारण कल वापस दिल्ली लौटना पड़ा। टेक ऑफ के तुरंत बाद उसे वापस दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। यह विमान दोपहर 4 बजकर 25 मिनट पर दिल्ली से रवाना हुआ था और रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शाम 6 बजकर 20 मिनट पर उतरने वाला था। हालांकि वापस दिल्ली लौटने के तीन घंटे बाद यात्रियों को लेकर यह विमान रांची एयरपोर्ट पहुंचा। इधर, खराब मौसम के कारण भुवनेश्वर से रांची आ रहे विमान को एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं दी। इसे डायवर्ट कर रायपुर में उतारा गया।

*********************

रांची के नवनिर्मित रातू रोड फ्लाईओवर का उदघाटन 19 जून को प्रस्तावित है लेकिन इससे पहले इसके नामाकरण को लेकर सियासत तेज हो गयी है। राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने इस फ्लाईओवर का नामाकरण दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर करने की मांग की है।

भाजपा ने झामुमो की इस मांग को खारिज कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि इस फ्लाईओवर का नाम किसी महापुरुष के नाम पर होना चाहिए।

*********************

रांची पुलिस ने भारतीय सेना का फर्जी मुहर बनाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और बड़ी मात्रा में नकली मुहरें बरामद की हैं। रांची पुलिस ने यह कार्रवाई लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस की विशेष सूचना पर की। यह कार्रवाई नामकुम थाना क्षेत्र के मिलिट्री हॉस्पिटल परिसर में संचालित राठौर जनरल स्टोर में की गई। पुलिस ने मौके से सेना के विभिन्न पदाधिकारियों के नाम से बनी भारी संख्या में रबर स्टाम्प, एक मोबाइल फोन, और सादे कागज पर मुहर बनाने का नमूना बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आयी है कि इन मुहरों का इस्तेमाल संभावित रूप से फर्जीवाड़े के लिए किया जा रहा था।

*********************

इधर, अपराध अनुसंधान विभाग–सीआईडी के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक करोड़ 53 लाख से ज्यादा रुपये की ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश के हापुड़ से गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि साइबर अपराधियों ने पीड़ित से वाट्सअप के माध्यम से संपर्क किया तथा राशि निवेश करने का प्रलोभन देकर ठगी की।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह कनाडा में कैलगरी पहुंच गए हैं। हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वे जी–7 बैठक में हिस्सा लेंगे और शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

*********************

विश्व योग दिवस को लेकर राज्यभर में उत्साह का वातावरण है। साहिबगंज में इस खास दिवस पर योगाभ्यास की विशेष तैयारी की जा रही है।

*********************

इधर, सरायकेला–खरसांवा जिले में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर खास तैयारी है। इसके लिए जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम कुमारी को इस कार्यक्रम का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 34 स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे।

*********************

राज्य में मानसून का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने आज रांची, लोहरदगा और सिंहभूम समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 18 और 19 जून को राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान आंधी–तूफान और गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है। 40–60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*********************

देहरादून में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित केआइओ कैडेट, जूनियर और सब–जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के कराटेकारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और कुल 10 पदक जीते। इनमें तीन स्वर्ण और सात कांस्य पदक शामिल हैं।

*********************

इधर, भारत की अंडर–23 पुरुष फुटबॉल टीम में झारखंड के दो खिलाड़ियों निखिल बारला और मोहम्मद सनान को शामिल किया गया है। ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय इस टीम को मुख्य कोच नौशाद मूसा ने चुना है। एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी को देखते हुए भारत के लिए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने तकनीकी खराबी के कारण रांची आ रहे विमान के दिल्ली लौटने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– चंदवाः फ्लाईओवर–फुटब्रिज की मांग पर ग्रामीणों का जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची आ रही मुरी एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची।

प्रभात खबर ने लिखा है– शराब घोटाले में उत्पाद सचिव से एसीबी की पूछताछ।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– सासाराम की रुबी भाभी समेत तीन रांची में खपा रहे ब्राउन शुगर, पुलिस की बढ़ी परेशानी।

*************